
**अवसर.** मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन का खुलेगा पोर्टल

# छात्रवृत्ति के लिए सोमवार से छात्राएं कर सकेंगी आवेदन

## 5.65 लाख से अधिक छात्राओं के रिजल्ट किये गये अपलोड

संवाददाता,पटना

मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सोमवार से पोर्टल खोला जा रहा है. इस पोर्टल पर केवल वे ही छात्राएं आवेदन कर सकेंगी, जिनके शिक्षा विभाग के पोर्टल पर रिजल्ट अपलोड किये गये हैं. पारंपरिक विश्वविद्यालयों व अन्य शिक्षण संस्थाओं ने 5.65 लाख स्नातक पास छात्राओं के रिजल्ट संबंधित पोर्टल पर अपलोड किये हैं. ये रिजल्ट विश्वविद्यालयों ने अपलोड किये हैं. इसकी आधिकारिक सूचना जल्द ही जारी होगी. सूत्रों के अनुसार



पिछले सात सालों में बालिकाओं के रिजल्ट का यह आंकड़ा सबसे अधिक है. आधार सत्यापन के लिए जरूरी नोटिफिकेशन की प्रत्याशा में छात्राओं के आवेदन के लिए पोर्टल खोला जा रहा है. सबसे अधिक बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विवि से 85058 रिजल्ट अपलोड किये गये हैं. पाटलिपुत्र विवि से 48004 व पटना विवि से 3174 छात्राओं के रिजल्ट अपलोड किये गये हैं. इसके अलावा मगध विवि, एलएनएमयू आदि विवि से भी काफी संख्या में

## एक नजर में योजना

- मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना के तहत वर्ष 2018 से अब तक 6,63,908 छात्राओं को प्रोत्साहन राशि मिली.
- 50 हजार रुपये के हिसाब से वर्ष 2021-2024 तक 192000 और 2024-2025 में 188341 छात्राओं को प्रोत्साहन राशि दी गयी है.

रिजल्ट को अपलोड किया गया है. इनके अलावा इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी पटना, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पटना, इंद्रा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस पटना, ललित नारायण मिश्र इंस्टीट्यूट आदि संस्थानों की छात्राओं ने रिजल्ट अपलोड किये हैं.